आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 27.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनसीसी रैली को सम्बोधित किया–उन्होंने रैली में बालिका कैडेट्स की अब तक की सर्वाधिक भागीदारी की सराहना की।
- केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा–केन्द्र सरकार की योजनाओं से देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया।
- राजस्थान उच्च न्यायालय में तीन नये न्यायाधीशों का शपथग्रहण–हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढकर 33 हुई।
- प्रदेश में कई स्थानों पर शीतलहर का असर–जयपुर और भरतपुर संभाग में कल कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की भूमिका की सराहना की है। उन्होंने कहा कि ये युवाओं को सशक्त बनाने का मंच है। श्री मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर की वार्षिक रैली में बोल रहे थे। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी का अनुशासन युवाओं को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि समय के साथ एनसीसी का दायरा और दायित्व भी बढ़ गया है।

000

रैली में 2 हजार 361 कैडेट्स की भागीदारी रही। इनमें 917 बालिका कैडेट्स शामिल हुई जो एनसीसी वार्षिक रैली में बालिकाओं की अब तक की सबसे ज्यादा भागीदारी है। रैली में कैडेट्स ने राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता दर्शाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। करियप्पा परेड ग्राउंड में युवा शक्ति, विकसित भारत थीम पर इस रैली का आयोजन किया गया। इसमें 18 मित्र देशों के 144 युवा कैडेट ने भी भागीदारी की, इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय से जुड़े 650 से अधिक स्वयंसेवक भी रैली में विशेष अतिथियों के रूप में शामिल हुए।

000

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने देशवासियों से विकसित भारत के लिए भागीदारी निभाने की बात कही है। आज जयपुर में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री आठवले ने केन्द्र सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आये हैं। उन्होंने समाज में फैली विषमता को समाप्त करने के लिए अन्तर्जातीय विवाह को जरूरी बताया।

000

नई दिल्ली में आज घरेलू जल क्षेत्र में जल उपयोग दक्षता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल ने इसका उद्‌घाटन किया। राष्ट्रीय जल मिशन के तहत जल उपयोग दक्षता ब्यूरो की ओर से ये कार्यशाला रखी गई। इसमें विभिन्न मंत्रालयों, संगठनों, नीति निर्माताओं और हितधारकों ने जल की खपत कम करने की रणनीतियों पर चर्चा की। कार्यशाला में पानी के दक्षता पूर्ण उपयोग के लिए कम प्रवाह वाले उपकरणों और स्मार्ट सेनेटरी वेयर के प्रयोग पर भी बल दिया गया। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के सहयोग से चलने वाले जल प्रबंधन मॉडल को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि अखण्ड भारत के राज्य विविधता में एकता की संस्कृति लिए है। श्री बागडे ने एक समारोह में विकसित भारत में सभी की समान भागीदारी का आव्हान किया। राज्यपाल आज राजभवन में उत्तर प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। श्री बागडे ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत राज्यों के स्थापना दिवस मनाने को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राजभवन में इस तरह के आयोजन परस्पर संस्कृतियों के साझा संबंधों को दर्शाते हैं। राज्यपाल श्री बागडे ने विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों से संवाद कर उनके बारे में जानकारी ली।

000

राजस्थान हाईकोर्ट में आज तीन नव नियुक्त न्यायाधीशों ने शपथग्रहण की। जोधपुर में मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव ने जज चन्द्रशेखर शर्मा, प्रमिल कुमार माथुर और चन्द्र प्रकाश श्रीमाली को शपथ दिलाई।इसके साथ ही राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। राजस्थान हाईकोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या 50 है।

000

प्रयागराज के महाकुंभ में गृह मंत्री अमित शाह ने आज गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी स्थल में पवित्र डुबकी लगाई। अपनी यात्रा के दौरान गृह मंत्री ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके अलावा कई साधु और संतों से मुलाकात की।

000

महाकुम्भ मेले को सिर्फ जमीन से ही नहीं बल्कि अंतरिक्ष से भी कैप्चर किया जा रहा है। इंटरनेशनल स्पेस सेंटर आईएसएस ने कल रात अंतरिम से महाकुम्भ की आश्चर्यचकित कर देने वाली तस्वीरें कैद की हैं। इन तस्वीरों में महाकुम्भ का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इसमें गंगा नदी के पट पर दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम रोशनी से जगमगा रहा है। इन तस्वीरों को आईएसस से अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ग पर शेयर किया है।

000

स्वायत्त शासन और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा आज पाली जिले के सोजत के दौरे पर रहे। उन्होंने राजकीय चिकित्सालय के नये ट्रोमा भवन और वाचनालय का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री खर्रा ने कहा कि अब दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिए जिला मुख्यालय नहीं जाना होगा उन्हें चिकित्सा सुविधा सोजत में ही उपलब्ध होगी। उधर पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर बालोतरा पहुंचे। उन्होंने कल्याणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्री दिलावर ने साफ–सफाई पर खास ध्यान देने के निर्देश दिये।

000

अजमेर जिले में कल से प्रवासी पक्षियों की गणना की जाएगी। वन विभाग की ओर से ये गिनती जिले के 12 जलाशयों पर की जाएगी। हमारी संवाददाता ने बताया कि गणना दो फरवरी तक चलेगी।

000

पाली जिले में भी कल से पक्षी गणना की जाएगी। इस दौरान सभी उपखण्डों में सर्दियों में प्रवास करने वाले विभिन्न प्रजातियों के दुलर्भ पक्षियों का रिकॉर्ड भी दर्ज किया जाएगा। जिले के देसूरी, सुमेरपुर, सोजत, सेंदडा, बाली, मारवाड जक्शन और जवाई लेपर्ड कंजर्वेशन रिर्जव क्षेत्र में ये गिनती की जाएगी। उप वन संरक्षक पी. बाला मुर्गन ने बताया कि प्रवासी पक्षी गणना में वन विभाग के अधिकारी और कार्मिक भाग लेगें।

000

उदयपुर और इन्दौर को यूनेस्को की ओर से वैटलैण्ड सिटी का दर्जा दिया गया है। देश के दो शहरों को पहली बार ये मान्यता मिली है।

000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर कड़ाके की सर्दी रही। अलवर, पिलानी, सीकर, चूरू, करौली सहित कई जगह शीतलहर का असर रहा। मौसम विभाग के अनुसार सीकर के फतेहपुर में सबसे कम शून्य दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। वहीं सीकर और हनुमानगढ के सगरिया में न्यूनतम तापमान 1 दशमलव 4 डिग्री तथा नागौर में 2 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने जयपुर और भरतपुर संभाग में कल गरज के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। साथ उत्तरी हवाओं के प्रभाव से अगले दो दिनों में तापमान में एक से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

000

38वें राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत कल से उत्तराखण्ड में होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल देहरादून के महाराणा प्रताप स्टेडियम में राष्ट्रीय खेलों का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे। समारोह में केंद्रीय मंत्रियों, भारतीय ओलंपिक संघ और राष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित विभिन्न अतिथियों का पहुंचना शुरू हो गया है। संकल्प से शिखर तक थीम पर यह आयोजन किया जा रहा है। 14 फरवरी तक चलने वाले इन खेलों में 10 हजार से ज्यादा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हिस्सा लेगें। राजस्थान का 531 सदस्यों का दल भी इसमें शामिल होगा जिनमें 421 खिलाड़ी और 110 अधिकारी शामिल हैं। ये वॉली बॉल, कबड्डी और शूटिंग सहित 26 खेल स्पर्द्धाओं में भाग लेगें।

000

कोटपूतली–बहरोड़ जिले के शाहपुरा में आज से राजस्थान पैरा व्हीलचेयर हॉकी प्रतियोगिता शुरू हुई। बी. आर. कॉलेज परिसर में आयोजित दो दिन की इस प्रतियोगिता में चार राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में राजस्थान, उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र की टीमों के करीब 47 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उधर पाली के राजकीय कन्या महाविद्यालय में आज से खेल सप्ताह की शुरूआत हुई। हनुमानगढ़ जिले में नशामुक्ति के लिये चलाये जा रहे मानस अभियान के तहत कल से जिला स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें जिले के विभिन्न ब्लॉक्स की 15 टीमें भाग लेंगी।

000